केवल आप के लिये
गांव–गांव शहर–शहर देश दुनियां में अपनों तक पहुंचाना है तो :भारतीय बस्ती दैनिक वेब
www.bhartiyabasti.com
और उसका छपा संस्करण
सबसे बेहतर माध्यम
सम्पर्क–bhartiyabasti@gmail.com
मो0 9450567450| 9336715406


# दैनिक भारतीय बस्ती


भारतीय बस्ती
www.bhartiyabasti.com
के लिये विज्ञापन बुक कराये।
विचार, प्रचार का सशक्त माध्यम
सम्पर्क
मो0 9450567450
9336715406

भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :45 अंक 272 शुक्रवार 26 अप्रैल 2024 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com

## एक नजर

### हत्यारोपी मां पिंकी ने हत्या का जुर्म किया स्वीकार



**संवाददाता–बस्ती।** पांच महीने के बेटे को उसकी मां ने ही पानी की टंकी में डालकर मार डाला था। पुलिस की पूछताछ में हत्यारोपी मां पिंकी ने हत्या का जुर्म स्वीकार किया है। बताया कि उसके ऊपर अदृश्य भयावह शक्ति का साया है। उसी ने वश में करके ऐसा करा दिया। हालांकि पुलिस का मानना है कि मानसिक असंतुलन की वजह से उसने अपने बेटे को पानी की टंकी में डाला होगा। सीओ हर्रैया अशोक कुमार मिश्र ने बताया कि आरोपी पिंकी के गुनाह कबूल कर लेने के बाद उसको गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी पिंकी ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि कभी–कभी उसके शरीर में काली जी प्रवेश कर जाती हैं। जिसके बाद अपने ऊपर उसका वश नहीं रह जाता। पुलिस की छानबीन में यह पता चला कि घटना के समय 15 माह के कृष्णा और उसकी मां पिंकी ही घर पर मौजूद थी। परिवार के लोगों का कहना है कि पिंकी कभी कभी अजीब हरकत किया करती थी। उसका स्वभाव अचानक आक्रामक हो जाता था। पति का कहना है कि उसने इस बात को कई बार नोटिस किया, लेकिन कभी इलाज कराने या तंत्रमंत्र कराने के बारे में नहीं सोचा था।

### एक ही गांव में 29 घर जलकर राख, दो महिलाएं जिंदा जली

**संवाददाता–लखीमपुरखीरी।** लखीमपुर खीरी में एक ही गांव में आग ने जमकर कहर बरपाया है। गुरुवार को हुए इस अग्निकांड में एक ही गांव में 29 घर जलकर राख हो गए। आग की लपटों में फंसकर दो महिलाएं जिंदा जलकर मर गईं। दो लोग झुलस गए हैं, जिन्हें लखनऊ रेफर कर दिया गया। इस अग्निकांड में 12 मवेशियों की भी मौत हुई है। आग में करीब पचास लाख की संपत्ति जलने का अनुमान है। इस भीषण हादसे की सूचना पाकर एसडीएम, तहसीलदार, राजस्वकर्मी और पुलिस अफसर गांव पहुंचे तथा लोगों को ढाढस बंधाया। आग की घटना सिंगाही थाना क्षेत्र के सिंगहा कलां गांव में घटी है। यहां के रहने वाले भगीरथ ने बताया कि गुरुवार दोपहर उसके घर के छप्पर में अचानक आग लग गई। आग लगने का कारण पता नहीं चल सका। उस समय उसकी 35 वर्षीया बहन संगीता छप्पर के साथ बने पक्के कमरे में अपने 13 साल के बेटे सचिन के साथ सो रही थी। कमरे के दरवाजे के सामने पड़ा छप्पर जलने की वजह से लपटों की तपिश से वह जाग गई। उसने बेटे सचिन को तो किसी तरह कमरे से बाहर निकाल दिया लेकिन लपटें बढ़ जाने से संगीता खुद उसमें फंसी रह गई। उसकी जलकर मौत हो गई। भगीरथ की 50 साल की पत्नी रामगुनी और बहू पूजा पत्नी सहजराम छप्पर वाले घर में सो रहे थे। अचानक आग देख रामगुनी ने बहू पूजा को तो बाहर निकाल दिया लेकिन खुद बाहर नहीं निकल सकी। उसकी वहीं फंस जाने से जलकर मौत हो गई। दो मौतों से घर में कोहराम मच गया।

### पूर्व सांसद बृजभूषण तिवारी की पुण्यथिति पर आयोजित हुई स्मृति सभा

**संवाददाता–सिद्धार्थनगर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रहे पूर्व सांसद बृजभूषण तिवारी की बारहवीं पुण्यतिथि आज उनके पैतृक गांव जमुनी में उनके अति प्रिय मंदिर में आयोजित स्मृति सभा को संबोधित करते हुए समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राज्यसभा में उनके निजी सचिव रहे मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल' ने उनसे जुड़े संस्मरणों को साझा किया। उन्होंने कहा की तिवारी जी ने बुद्धभूमि की गरिमा को पूरी दुनिया में आगे बढ़ाया है।

## आतंकियों के मरने पर कांग्रेस की सबसे बड़ी नेता बहा रही थी आंसू, पीएम मोदी का विपक्ष पर हमला

**शाहजहांपुर (आभा)।** लोकसभा चुनाव को पीएम मोदी इन दिनों भाजपा की रैलियों को संबोधित कर रहे हैं। गुरुवार को यूपी में पीएम मोदी की आगरा, बरेली और शाहजहांपुर में रैली थी। तीनों की जगहों पर पीएम ने विपक्ष पर बड़ा हमला बोला। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष का बिना नाम लिए पीएम मोदी ने कहा, आतंकियों के मरने पर कांग्रेस की सबसे बड़ी नेता आंसू बहा रही थी। इस पर मोदी ने पूछा, क्या आतंकियों के मरने पर आंसू बहाने वाले आपको मंजूर है। क्या इस देश में ऐसे लोगों को सरकार दी जा सकती है। क्या आतंकियों को जेल से छुड़वाने के रास्ते नहीं खोजे जाते थे। पीएम मोदी ने सपा पर भी तीखे प्रहार किए। उन्होंने कहा, आपने देखा होगा राम मंदिर का उनको निमंत्रण दिया गया। सपा वालों ने राम मंदिर ना बने इसके लिए ढेर सारे खेल खेले थे। कांग्रेस वाले भी राम मंदिर बनने से रोक रहे थे। अदालत में बात–बात से राम मंदिर बनने से रोकने की कोशिश की जाती थी। सभी राम मंदिर को बनने के रोकने के लिए पाप कर रहे थे,



इनके सबके पाप माफ करके मंदिर के ट्रस्टी ने उनके घर जाकर निमंत्रण दिया।

राम मंदिर का मंदिर बना जो सात जन्म के पुण्य होते हैं इन्होंने तो उसे निमंत्रण को भी ठुकरा दिया है। पीएम मोदी ने पूछा, देश में ऐसे लोगों की राजनीति चलनी चाहिए क्या? कांग्रेस में देश को थाना बना दिया था आपातकाल लगाया था। इंदिरा गांधी के इमरजेंसी की याद दिलाते हुए पीएम मोदी बोले–कांग्रेस ने एक समय में लोकतंत्र परियों को जेल में बंद कर दिया था अखबारों में ताले लगा दिया गया था। कांग्रेस में एक बार फिर अपनी फ्लॉप फिल्म रिलीज की है। इस फिल्म में दो डायलॉग है सभी लोग ऊपर से गुनगुना रहे मोदी जीत जाएगा तो तानाशाही आ जाएगी। मोदी जाएगा तो आरक्षण चला जाएगा। विपक्ष ऐसा झूठ फैला रहा है। कांग्रेस का घोषणा पत्र पढ़ने के बाद लोगों को समझ में आ गया कि कांग्रेस का असली चेहरा असली इरादे क्या हैं। पीएम मोदी ने कहा, पर्दे के पीछे की सच्चाई जानकर वह खुद चौंक गए और अब तो एक–एक करके उनकी सारी सच्चाई देश के सामने आने लगी है। मोदी बोले–कांग्रेस पूरे देश में भारत मैं कर्नाटक मॉडल लागू करना चाहती है।

शाहजहांपुर में भाजपा की जनसभा को संबोधित करने पहुंचे पीएम मोदी ने कहा, यह चुनाव सामान्य नहीं है कौन जीते, कौन हारे, कौन सांसद बने। यह चुनाव आपका एक–एक वोट समृद्ध भारत को मजबूती देने की गारंटी है या मोदी की भी गारंटी से ज्यादा आपके वोट की गारंटी है। साथियों इस बार आपको अपने वोट से देश विरोधी मानसिकता वाले लोगों को एक बहुत बड़ा संदेश देना यह आपका बॉडी है जो आतंकवाद को काबू में रखेगा। पीएम मोदी ने कहा, शाहजहांपुर जिले के औरैयापुरा क्षेत्र बीजेपी के विकास का गवाह बन रहा है। योगी जी के आने के बाद यूपी में बिजली व्यवस्था, कानून व्यवस्था दुरुस्त हुई है। योगी जी की सरकार आई तो विकास की गाड़ी तेजी से दौड़ना शुरू हुई। पीएम मोदी ने कहा, यूपी में अब एक्सप्रेसवे गुजर रहे हैं। गंगा एक्सप्रेसवे की नई यही शाहजहांपुर में ही रखी गई। इसका विकास में बहुत बड़ा योगदान है सबको लाभ मिलेगा।

## नैतिक पतन का दोषी किसी विभाग या शैक्षिक संस्था का प्रमुख नहीं बन सकता –हाईकोर्ट

**प्रयागराज(आभा)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक आदेश में कहा है कि नैतिक पतन से जुड़े आपराधिक मामले में दोषी ठहराए गए व्यक्ति को किसी भी विभाग या किसी शैक्षिक संस्था का प्रमुख नहीं बनाया जा सकता है। क्योंकि उसे न केवल प्रशासन चलाना है बल्कि उच्च नैतिक मूल्यों और चरित्र का प्रदर्शन करने के साथ अनुशासन सुनिश्चित करना होता है। कोर्ट ने कहा कि सबसे वरिष्ठ घशिक्षक को कार्यवाहक प्रधानाचार्य बनाने का नियम इस शर्त पर है कि वह सबसे फिट होगा। यह माना गया कि किसी की उपयुक्तता पर विचार किए बिना केवल वरिष्ठता पर भरोसा करना बेतुकेपन को जन्म देना होगा। हाईकोर्ट ने यह आदेश अशोक कुमार पांडेय की याचिका को स्वीकार करते हुए दिया है।



मामले के तथ्यों के अनुसार बस्ती के एक इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य का पद रिक्त होने से वरिष्ठ प्रवक्ता याची को चार्ज दिया गया था लेकिन याची ने व्यघक्तिगत कारणों से चार्ज लेने से मना कर दिया। इसके बाद दूसरे प्रवक्ता को प्रधानाचार्य का प्रभार दिया गया। याची की व्यक्तिगत समस्या के समाप्त होने के बाद उसने प्रधानाचार्य का चार्ज लेने को प्रत्यावेदन दिया लेकिन उसे इस आधार पर खारिज कर दिया गया कि एक बार दावा छोड़ने के बाद प्रशासनिक अनिश्चितता उत्पन्न होने के कारण उसे पुनजीर्वित नहीं किया जा सकता है। मामले में एकल पीठ के आदेश के खिलाफ विशेष अपील भी खारिज कर दी गई। इसी बीच प्रभारी प्रधानाचार्य को एक आपराघिक मामले में दोषी करार दे दिया गया। हालांकि बाद में उसे जमानत मिल गई और सजा का आदेश स्थगित कर दिया गया है। इस दौरान कार्यवाहक प्रधानाचार्य के संबंध में अनिघश्चितता थी इसलिए प्रबंधतंत्र ने पहले दी गई छूट को माफ कर दिया और और याची का नाम कार्यवाहक प्रधानाचार्य के रूप में डीआईओएस के समक्ष भेज दिया। इससे विवाद हो गया। मामला हाईकोर्ट फिर पहुंचा तो कोर्ट ने उक्त आदेश दिया।

## मंगलसूत्र वाले बयान पर सीएम योगी ने डिंपल यादव पर किया पलटवार, शिवपाल सिंह यादव पर कसा तंज

**इटावा (आभा)।** मैनपुरी लोकसभा की जसवंतनगर विधानसभा के अंतर्गत रामलीला मैदान में खचाखच भरे पंडाल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राम कृष्ण को झुठलाने वाले परिवारवादी लोगों को नकारने का समय आ गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि समाजवादी पार्टी कभी सत्ता में नहीं आ पाएगी। जो पार्टी 65 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। वो केंद्र में सरकार कैसे बना पाएगी। यादवों को छला गया है और एक ही परिवार के केवल पांच यादवों को टिकट दिया गया है। मंगलसूत्र पर चल रही बयानबाजी को लेकर उन्होंने कहा कि माताओं–बहनों के मंगलसूत्र पर संकट आने वाला है। कांग्रेस ने विरासत कर की घोषणा की है। कांग्रेस की नजर आप सबके घरों के जेवरों पर है।




उन्होंने सपा नेता शिवपाल सिंह यादव पर तंज कसा और कहा कि उनको तरस आता है। उनकी स्थिति सत्यनारायण की कथा में चूरन खाने वाले व्यक्ति की रह गई है। सपा बदायूं, फिरोजाबाद व आजमगढ़ की सीटें हार रही है। उन्होंने सपा सांसद डिंपल यादव का नाम लिए बगैर कहा कि वे पुलवामा के शहीदों की विधवाओं के मंगलसूत्र का हिसाब पूछ रहीं हैं। उनको यह भी बताना चाहिए कि जब अयोध्या में राम भक्तों की गोली चलने से मौत हुई थी तो उनकी विधवाओं के मंगलसूत्र का क्या हुआ। कृष्णानंद राय, राजू पाल, उमेश पाल की विधवाओं के मंगलसूत्र का हिसाब भी देना चाहिए। सपा सरकार में आतंकवादियों को बिरयानी खिलाई जाती थी। आज गुंडे बदमाश सब भाग गए हैं।

## पुलिस इंसपेक्टर का बेटा बना जेईई मेंस में यूपी टॉपर



**संवाददाता–गोरखपुर।** जेईई मेंस का परिणाम घोषित हो गया है। इसमें गोरखपुर के हिमांशु यादव ने 100 परसेंटाइल स्कोर किया है। देश के इंजीनियरिंग में प्रवेश के लिए सबसे बड़ी इस परीक्षा में कुल 56 विद्यार्थियों ने 100 परसेंटाइल प्राप्त किया है। हिमांशु को ऑल इंडिया 32वीं रैंकिंग मिली है। ओबीसी कैटेगरी में देश में 7वां स्थान और उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। गोरखपुर शहर के पादरी बाजार स्थित जंगल हकीम नंबर–1, श्यामेन्द्र नगर निवासी हिमांशु यादव मूल रूप से गाजीपुर जिले के सैदपुर तहसील क्षेत्र के पचारा गांव के निवासी हैं। उनके पिता संजय यादव वर्तमान में महराजगंज कोतवाली थाने में इंसपेक्टर क्राइम के पद पर तैनात हैं। पूरा परिवार गोरखपुर में ही रहता है। हिमांशु ने जंगल धूसड़ स्थित ग्लोबल एकेडमी से पढ़ाई करते हुए इस वर्ष ही इंटरमीडिएट की परीक्षा दी है। अभी बोर्ड परीक्षा का परिणाम नहीं आया है, उसके पहले यह बड़ी खुशखबरी आई है। हिमांशु के जेईई मेंस में 100 परसेंटाइल पाने की सूचना के बाद गोरखपुर, महराजगंज से लेकर गाजीपुर तक जश्न का माहौल है। हिमांशु के यूपी टॉप करने की खबर के बाद ग्लोबल एकेडमी स्कूल में भी शिक्षक व छात्र आहलादित हैं। हाईस्कूल की परीक्षा में 99 प्रतिशत अंक पाने वाले हिमांशु यादव पढ़ाई में शुरू से ही मेधावी रहे हैं। पिता संजय यादव ने हमेशा पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। माता सुमन यादव भी हमेशा साथ रहीं। आज परिणाम सामने है। हिमांशु दो भाइयों में छोटे हैं। हिमांशु के बड़े भाई प्रियांशु यादव भी पढ़ने में मेधावी हैं। प्रियांशु ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में कुल 95 प्रतिशत अंक हासिल किए थे। प्रियांशु इस समय मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग से बीटेक कर रहे हैं। हिमांशु यादव के जेईई मेंस में 100 परसेंटाइल पाने पर घर के लोग भावुक हो गए। उनके टॉप करने की सूचना के बाद बधाइयों का तांता लग गया। हिमांशु ने बताया कि वे हमेशा मोबाइल से दूर रहते हैं। फोन का इस्तेमाल भी सिर्फ बात करने के लिए करते हैं। घर के लोगों और शिक्षकों से ही फोन पर प्रायः किसी बात को लेकर बात करते हैं।

## घर में साड़ी के फंदे से लटका मिला महिला का शव, पति–पत्नी में चल रहा था विवाद

**संवाददाता–बस्ती।** सोनहा थाना क्षेत्र के भीवापुर गांव के टोला लोनियाडीह में एक महिला का शव गुरुवार की सुबह साड़ी के फंदे के सहारे छत की कुंडी से लटका मिला है। घर वालों को जब घटना की जानकारी हुई तो लोग सन्न रह गए। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फॉरेंसिक टीम ने घटना स्थल से साक्ष्य संकलित किए हैं। गांव निवासी पाटन चौहान की शादी 14 वर्ष पूर्व प्रमिला से हुई थी। दोनों से दो बेटियां हैं, जिनकी उम्र 12 और 10 वर्ष है। ग्रामीणों के मुताबिक गुरुवार की सुबह पति– पत्नी के बीच पारिवारिक समस्याओं को लेकर कहासुनी हो गई। इसके बाद घर के अन्य लोग खेत में काम करने के लिए चले गए। विवाद से नाराज 32 वर्षीय प्रमिला साड़ी का फंदा बनाकर घर के भीतर कमरे में छत की कुंडी से लटक गई। कुछ देर बाद जब घर के लोग काम से वापस लौटे।

आवाज देने पर प्रमिला न बोली न ही दरवाजा खुला। जब लोगों ने भीतर झांक कर देखा तो आवक रह गए। पाटन चौहान के परिवार में लंबे समय से आपसी मनमुटाव और विवाद चल रहा था। कई बार पति–पत्नी के बीच कहासुनी और मारपीट भी हो चुकी है। मां की मौत से दोनों बेटियां बदहवास है। प्रभारी निरीक्षक सोनहा उपेंद्र कुमार मिश्र ने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मौत की असली वजह रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगी। प्रमिला के स्वजन की ओर से अभी तक कोई तहरीर नहीं दी गई है।


## बीती रात आग बुझाने में झुलस गये योगी



**–संवाददाता भारतीय बस्ती– (बनकटी)।** बनकटी बस्ती लालगंज थानाक्षेत्र के देईसांड़ में बीती रात अज्ञात कारणों से एक छप्पर में आग लग गई, जिससे छप्पर में बंधी तीन गोवंशीय पशुओं सहित पशु पालक राम यज्ञ चौधरी उर्फ योगी बुरी तरह झुलस गया, स्थानीय लोगों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। जानकारी के मुताबिक बनकटी नगर पंचायत के कृष्णा नगर वार्ड निवासी राम यज्ञ चौधरी उर्फ योगी की दो गायें व एक बछड़ा मकान के सामने स्थित छप्पर में बांधा जाता है। बुधवार को रोज की तरह पशुओं को छप्पर में बांधकर पशु पालक घर में सोने चला गया। देर रात करीब पौने तीन बजे अज्ञात कारणों से छप्पर में आग लगी तो उसमें बंधे गोवंशीय पशु चिल्लाने लगे, पशुओं के चिल्लाने की आवाज सुनकर योगी समेत आसपास के लोग एकत्र होकर आग बुझाने में जुट गए, इस दौरान दो गाय व एक बछड़ा समेत राम यज्ञ चौधरी उर्फ योगी बुरी तरह झुलस गया।

## पीएम मोदी बौखलाहट में झूठ बोल रहे हैं, देश की जनता कांग्रेस के साथ है – पवन खेड़ा

**संवाददाता–लखनऊ।** कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा कि एक दिन में 20 किसान आत्महत्या करते हैं। यूपीए ने जिस तरह से किसानों को राहत दी थी, उस तरह से आज तक नहीं मिला। प्रधानमंत्री अपने 10 साल के सवाल का जवाब दें। राहुल गांधी ने न्याय यात्रा निकालने के बाद न्याय पत्र बनाया। उन्होंने न्याय पत्र तक नहीं पढ़ा। वह झूठ बोल रहे हैं। देश का राजा जब झूठ बोलता है तो देश की अवनति होती हैं। हम सभी न्याय की बात कर रहे हैं। इसमें क्या गलत है? उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री न्याय पत्र से घबरा गए हैं। वह दोबारा जीत गए तो सभी



विपक्ष के नेताओं को जेल में डाल देंगे। मीडिया अपना काम नहीं कर पाएगी। उन्होंने बताया कि जिसने हमारा न्याय पत्र पढ़ा वह दूसरे को वोट नहीं देगा। हम लोकतंत्र बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। प्रधानमंत्री अब बहकी हुई बातें कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री खुद कई भाई–बहन हैं। मंगलसूत्र की बात भी उनके मुंह से अच्छी नहीं है। राम हमारी आस्था का स्रोत है। हम मंदिर मस्जिद सब जगह जाते हैं। हर संस्कृति का सम्मान करते हैं। भगवान राम राजनीति का विषय नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बनी तो ओल्ड पेंशन स्कीम लाई जाएगी। पवन खेड़ा ने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के चुनाव लड़ने के सवाल पर कोई जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा कि अभी समय खत्म नहीं हुआ है। पार्टी उन्हें लड़ने का आदेश देगी तो लड़ेंगे।

## डायनासोर की तरह विलुप्त होगी सपा और कांग्रेस –राजनाथ सिंह

**कानपुर (आभा)।** भाजपा देश बनाने के लिए राजनीति करती है। सपा, कांग्रेस की सरकारों में भ्रष्टाचार का बोल बाला रहा। जिस तरह डायनासोर विलुप्त हुआ उसी तरह सपा, कांग्रेस भी विलुप्त हो जाएंगी। यह बात गुरुवार को इटावा लोकसभा क्षेत्र के राजपुर में आयोजित चुनावी जनसभा में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कही। उन्होंने बसपा पर भी तंज कसे। वह भाजपा प्रत्याशी डॉ. रामशंकर कठेरिया के समर्थन में लोगों को संबोधित करने पहुंचे थे। राजपुर के भारतीय विद्यापीठ इंटर कॉलेज मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि आजाद भारत में जितना विकास मोदी सरकार में हुआ उतना किसी सरकार में नहीं हुआ। भापा सरकार ने भारत को सशक्त देश बनाया है। भारत ने विश्व में अलग पहचान बनाई है। धन दौलत के मामले में 11वें स्थान से भारत 5वें स्थान पर आ गया। तेजी से अर्थ व्यवस्था बढ़ी है। अब वह दिन दूर



नहीं जब भारत टॉप–3 देशों में गिना जाएगा। बताया रूस व यूक्रेन के युद्ध के दौरान भारत के हजारों छात्र यूक्रेन में फंसे थे। प्रधानमंत्री ने यूक्रेन व रूस के राष्ट्रपति से वार्ता कर चार घंटे के लिए युद्धविराम कराकर 22000 छात्रों को सकुशल भारत वापस बुला लिया।सपा, कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि इनकी सरकारों में पहले अपराधियों का बोलबाला होता था। उत्तर प्रदेश सरकार के नेताओं और अधिकारियों के लिए भ्रष्टाचार का केंद्र था। मगर आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह भ्रष्टाचार का केंद्र नहीं है। इससे पहले इटावा से भाजपा प्रत्याशी डॉ. रामशंकर कठेरिया, जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला, कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, राज्यमंत्री अजीत सिंह पाल, औरैया विधायक गुड़िया कठेरिया, अरविंद कठेरिया, विकास मिश्रा जिला मीडिया प्रभारी, पूर्व विधायक विनोद कटियार, जिला प्रभारी अशोक राजपूत, वंशलाल कटियार, विवेक द्विवेदी, सौरभ मिश्रा, अंशु त्रिपाठी ने स्वागत किया। राजनाथ सिंह ने कहा कि जब हमने कहा था कि जिस दिन भाजपा बहुमत में आएगी उसी दिन जम्मू कश्मीर से धारा 370 को हटाएगी। इसके अलावा अयोध्या की धरती पर राम मंदिर बनाया जाएगा। विपक्षी रामलला के मंदिर पर तंज कसते थे। हमने जो कहा वही किया। 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धर्माचार्यों के नेतृत्व में रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा की। अयोध्या नगरी में भगवान राम को कुटिया से निकालकर राजमहल में ले आई। अब रामराज साबित हो रहा है। राजनाथ सिंह ने कहा कि भाजपा ने तीन तलाक व्यवस्था खत्म करते हुए मां, बहन–बेटियों को इससे निजात दिलाई है। हम हिंदुस्तानी सभी धर्म, किसी भी जाति की महिला बहन, मां–बेटी हो सभी को एक समान मानते हैं। तीन तलाक खत्म कर सभी को एक समान सम्मान दिया। हम जातिवाद की राजनीति नहीं करते। जनसभा कार्यक्रम में तेज धूप का असर दिखाई दिया।

## बसपा नेता आकाश आनंद ने मोदी सरकार पर जमकर साधा निशाना

**संवाददाता–आजमगढ़।** बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय समन्वयक आकाश आनंद जमकर चुनावी जनसभा कर रहे आए हैं। वह कभी कांग्रेस सपा पर निशाना साध रहे हैं तो कभी भाजपा सरकार को तंज कंस रहे हैं। अब उन्होंने बीजेपी सरकार को रोजगार के मुद्दे पर घेरा है। एक चुनावी जनसभा में उन्होंने कहा कि पहले सरकार ने पकोड़ा तलवाया, आगे कटोरा थमाकर कहेंगे भीख मांग लो यह भी रोजगार है। बसपा नेता आकाश आनंद आजमगढ़ में भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने गुरुवार को जनसभा को संबोधित करते हुए कहा,श्इन्होंने देशवासियों बताया था कि 2 करोड़ नौकरी देंगे। यहां कितने साथी हैं, जिनके दूर के रिश्तेदारी में भी किसी की नौकरी पिछले 10 सालों में लगी है। अभी तो वह पकोड़ा तलने की बात बताकर गए हैं बाद में कटोरा थमा देंगे और बोलेंगे कि यह भी रोजगार था। आज 30 प्रतिशत से ज्यादा पढ़ा–लिखा युवा बेरोजगार घूम रहा है। लेकिन यह मजबूरी नहीं है कि




रोजगार नहीं दिया जा सकता, ये इनकी मानसिकता है कि युवा पढ़े–लिखे नहीं। ऐसा नहीं कि भारत में नौकरियां खत्म हो गई हैं। अगर सरकारी आंकड़े निकाले तो केंद्रीय सरकार के अंतर्गत ही 30 लाख से ज्यादा पद खाली पड़े हैं। अगर ये चाहे तो कल ही वह पद भरकर 30 लाख युवाओं को नौकरी दे सकते हैं लेकिन यह देंगे नहीं अगर नौकरी मिल गई तो आरक्षण भी आपको मिल जाएगा। आपके जेब में पैसा भी आ जाएगा। आप अपने हकों के लिए लड़ भी सकोगे लेकिन ये आपको गरीब रखना चाहते हैं। लालगंज लोकसभा क्षेत्र के मई खरगपुर गांव में गुरुवार को चुनावी जनसभा में बसपा के नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद ने मोदी सरकार पर तीखे हमले किए। उन्होंने कहा कि सरकार हर साल 12 हजार का मुफ्त राशन देकर लोगों को ढाई लाख का चूना लगा रही है। हर घर से एक युवा को रोजगार मिलता तो वह महीने में कम से कम 20 हजार रुपये कमाता। बसपा नेता ने कहा कि भाजपा की तरह सपा के लोग भी जनता के पास आएंगे। दलितों पर अत्याचार हुआ तो सपाई गायब थे। राज्यसभा में एससी/एसटी बिल लाया गया तो सपा के लोगों ने उसे फाड़ दिया। सपा, कांग्रेस और भाजपा बहुजन, पिछड़े और दलित समाज के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि बसपा की सरकार आने पर अयोध्या में बाबरी मस्जिद भी बनेगी। कहा कि मोदी सरकार नहीं चाहती कि बहुजन समाज अपने पैरों पर खड़ा हो। उन्होंने बाबा साहब के मूवमेंट की आवाज दिल्ली तक पहुंचाने का आह्वान किया।

*"मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता"—वेंडेल फिलिप्स*

दैनिक
भारतीय बस्ती
बस्ती 26 अप्रैल 2024 शुक्रवार

## सम्पादकीय

# कम मतदान के निहितार्थ

पहले चरण के कम मतदान ने राजनीतिक विश्लेषकों को इसके कारणों पर ज्यादा दिमागी मशक्कत करने पर मजबूर कर दिया है। यह इशारा क्या है? सात चरणों के चुनाव में फुल एंड फाइनल नतीजा क्या होगा, यह तो 4 जून को ही ई.वी.एम. से निकलेगा लेकिन पक्ष—विपक्ष के तर्कों के बीच आम आदमी से ज्यादा नेताओं की चिंता बढ़ी है। पहले चरण के अपेक्षाकृत हल्के मतदान ने उन्हें अपनी रणनीति को बदलने पर भी मजबूर कर दिया है। एक बार तो लगा था कि चुनावों में जो धारा बह रही है, उसमें वोटर खूब सामने आएगा। चुनाव आयोग ने भी तमाम अतिरिक्त कोशिशें कीं। आधारभूत समस्याओं को खत्म किया। बुजुर्गों के लिए अतिरिक्त व्यवस्था की। 85 साल से ज्यादा के वोटरों के लिए घर में ही टीम भेजने की व्यवस्था की। महिलाओं को भी आकर्षित करने की कोशिश की। पर बात कुछ बनती नहीं दिख रही है। फिलहाल तो पूरा ठीकरा तपते मौसम पर डाल दिया गया है। यह बात भी सही है कि 19 अप्रैल 2019 को पश्चिमी उत्तर प्रदेश मुजफ्फरनगर में औसत तापमान 35 डिग्री सैल्सियस था जबकि 2024 को पहले चरण के इसी चुनावी दिन तापमान 39 डिग्री रहा। आयोग इस बात की चेतावनी पिछले कुछ दिनों से देता रहा है कि गर्मी पहले की अपेक्षा ज्यादा पड़ेगी। हो भी ऐसा ही रहा है।

पहले चरण के चुनाव में इस बार यानी 19 अप्रैल, 2024 को 63 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया (हालांकि चुनाव आयोग के संशोधित डाटा में इसमें थोड़ी—बहुत वृद्धि संभव है), जबकि 2019 के पहले चरण के चुनाव (जोकि 11 अप्रैल को हुआ था) में मतदान का यह प्रतिशत 69.43 रहा था। यानी 8 दिन की गर्मी का अंतर था। पर खास तौर से चुनाव आयोग से लेकर प्रधानमंत्री तक ज्यादा मतदान करने पर जोर दे रहे हों तो यह मतदान प्रतिशत कम ही नजर आ रहा है। यानी मतदान में अपेक्षित उत्साह की कमी, और वैसे भी इस बार भारतीय जनता पार्टी ने अपने कुनबे (एन.डी.ए.) समेत जब अपना लक्ष्य 400 का प्रचारित किया है। यह भी खूब अपील की गई कि इस बार जीत का अंतर और अधिक होना चाहिए।

मतदान प्रतिशत में यह कमी देश के लगभग सभी हिस्सों में देखी गई। पश्चिम बंगाल में पिछली बार 85 प्रतिशत तो इस बार 81 प्रतिशत वोट पड़ा। यू.पी. का यह आंकड़ा 68 से घटकर 62 प्रतिशत हो गया। कैराना में 7, सहारनपुर में 5, रामपुर में 8, पीलीभीत में 5 और बिजनौर में 7 प्रतिशत की कमी रही। बिहार की 4 सीटों के लिए इस चरण में यह कमी 2 प्रतिशत की थी। तमिलनाडु में 3, पश्चिम बंगाल में 4, उत्तराखंड में 5, राजस्थान में 6 और मध्य प्रदेश में 7 प्रतिशत की कमी देखी गई। छत्तीसगढ़ के बस्तर में एक प्रतिशत की बढ़ौतरी (2019 में यह 66.26 थी, इस बार 67.53 रही) देखी गई। ऐसी ही मेघालय में 3 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई।

अब सवाल यह है कि यह कमी क्यों रही? क्या इसके लिए सिर्फ तपता मौसम ही जिम्मेदार है या कुछ और? और अगर कुछ और है तो क्या? कुछ संभावनाएं हैं। इसे विभिन्न दल अपने हिसाब से बताने की कोशिश कर रहे हैं। अगर भाजपा इसका जिम्मेदार हतोत्साहित विपक्ष को बता रही है तो विपक्ष इसे सत्ता पक्ष की नाकामी बताने में कोई चूक नहीं कर रहा है और सरकार की नीतियों से नाखुशी बताने में कोई संकोच नहीं कर रहा है। क्या सचमुच इसे मतदाताओं का अनमनापन या उबाऊ होने की शुरूआत बताया जाए या फिर कुछ और? वैसे इसी अप्रैल में एक रिपोर्ट आई थी जिसके अनुसार पहली बार का युवा वोटर मतदान के प्रति बहुत आकर्षण नहीं दिखा रहा है। इस वर्ग के 38 प्रतिशत वोटरों ने ही अपना पहचान पत्र बनवाने में रुचि दिखाई। एक अरब, 40 करोड़ की आबादी वाले इस देश में 18—19 साल के मात्र एक करोड़ 80 लाख युवाओं ने वोटर कार्ड बनवाना चाहा। चाहते तो इस आयु वर्ग में देश के 4.9 करोड़ वोटर यह हक हासिल कर सकते थे। बिहार में तो इस श्रेणी के मात्र 17 प्रतिशत लोगों ने ( 9 लाख 30 हजार) यह हक हासिल करने में आनंद उठाया। दिल्ली और उत्तर प्रदेश भी कोई बहुत आगे नहीं रहे। दिल्ली में 21 प्रतिशत और यू.पी. में 23 प्रतिशत 18—19 साल के युवाओं ने वोटर कार्ड बनवाया। महाराष्ट्र में यह संख्या 27 प्रतिशत रही। चिंता की बात यह है कि 21 राज्यों में इस आयु वर्ग के वोटर कार्ड बनवाने वाले युवाओं की संख्या 30 प्रतिशत से कम रही। पीठ थपथपाने के इस काम में तेलंगाना ( 67 प्रतिशत), जम्मू—कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के बच्चे अच्छे रहे, जहां यह आंकड़ा 60 प्रतिशत से ऊपर रहा। ये वे वोटर हैं जिन पर देश की दोनों बड़ी पार्टियों की निगाहें हैं। वोटर कार्ड बनवाने वाले इन युवाओं में से कितनों ने वोट डाला है, या डालेंगे, इस पर नतीजों यानी 4 जून के बाद अलग से विश्लेषण होगा।

2019 के चुनावों में राष्ट्रवाद, पुलवामा, किसान सम्मान योजना की बयार चली और विपक्ष चारों खाने चित्त नजर आया। वायदों की भरमार उधार से भी खूब हुई। 6,000 रुपए साल की किसान योजना ने राहुल गांधी की 72 हजार रुपए साल की न्याय योजना को तरजीह नहीं दी। नवम्बर 22 में हुए कर्नाटक और हिमाचल के चुनावों में कांग्रेस ने गारंटी का इस्तेमाल करते हुए चुनाव जीत लिए तो राजस्थान , मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस शब्द की सम्प्रेषण क्षमता को कायदे से समझा और इतना इस्तेमाल किया कि यह शब्द ही अब उनका बन गया। 24 के चुनावों में मोदी की गारंटी छाई हुई है। भाजपा के चुनाव घोषणा पत्र की इस बार की टैगलाइन ही 'मोदी की गारंटी' है। जबकि 2019 में 'संकल्पित भारत, सशक्त भारत' , 2014 में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की टैगलाइन हुआ करती थी।

ऐसे में जब यह उम्मीद की जा रही हो कि 5 – 7 सात प्रतिशत वोट बढ़ेगा , कम होना चिंता का कारण तो है ही। यह भी सही है कि विपक्षी गठबंधन तमाम बाधाओं के साथ ही सामने आ पा रहा है और अभी तक कम से कम कोई बड़ा नैरेटिव सामने नहीं ला सका है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जरूर गैर—राजनीतिक न्याय यात्रा कर वोटरों को आकर्षित करने की कोशिश की। उधर महंगाई, बेरोजगारी के मुद्दे पर कोई आंदोलन खड़ा कर पाने की कोशिश भी नहीं हो पाई तो दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी ने अपने वोट बैंक को ध्यान में रखते हुए अनुच्छेद 370 हटाने से लेकर राम मंदिर तक ऐसे काम किए हैं जिससे उसका वोटर एक मत होता नजर आ रहा है। राष्ट्रवाद उसका सबसे प्रिय मुद्दा है और लाभार्थी वोट बैंक एक नई खोज रही। अग्निवीर और किसानों के मामले ने जरूर सरकार को परेशान किया। लेकिन चौधरी चरण सिंह समेत 4 हस्तियों को भारत रत्न ने यह मामला भी धीमा करने की कोशिश की। विपक्ष की ओर से जाति जनगणना का मुद्दा कुछ ही दिन के लिए सामने आया और नीतीश कुमार के भाजपा के फिर से साथ आने के बाद कमजोर पड़ गया।

विपक्ष एंटी इंकम्बैंसी की बात करने लगा है तो भाजपा प्रो इंकम्बैंसी पर जोर दे रही है। लेकिन असलियत यह है कि पन्ना प्रमुख से लैस भारतीय जनता पार्टी इतनी संगठित पार्टी होने के बावजूद भी एक समस्या से जूझती रही है। वह यह है कि उसके कार्यकर्त्ता वोटरों को पूरी तरह से मतदान केंद्रों तक नहीं पहुंचा पा रहे हैं।

# दक्षिण का सियासी दुर्ग और भाजपा

**— उमेश चतुर्वेदी—**



अपने दम पर बहुमत के साथ लगातार दो बार से केंद्रीय सत्ता को संभाल रही भारतीय जनता पार्टी के लिए तमिलनाडु और केरल अब तक प्रश्न प्रदेश रहे हैं। इस लिस्ट में 25 सीटों वाले आंध्र प्रदेश को भी शामिल किया जा सकता है। 'अबकी बार चार सौ पार' के नारे में दक्षिण का अभेद्य बना किला फतह करने की कोशिश भी शामिल है। पार्टी को पता है कि जब तक वह अभेद्य समझे जाने वाले दक्षिण के दुर्ग में जोरदार सेंध नहीं लगाएगी, उसका यह नारा जमीनी हकीकत के नजदीक नहीं पहुंच पाएगा। यही वजह है कि पार्टी का शिखर नेतृत्व लगातार तमिलनाडु पर अपना ध्यान फोकस किए हुए है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की दक्षिण भारत की लगातार जारी चुनावी और सामान्य यात्राएं इन्हीं कोशिशों का उदाहरण है। तमिलनाडु में चुनाव बीत चुके हैं। राज्य के चुनाव नतीजों को लेकर अटकलबाजी और दावे—प्रतिदावों का दौर जारी है।

तमिलनाडु में मौजूदा सत्ताधारी डीएमके का मोर्चा बढ़त की उम्मीदे पाले हुए है तो बीजेपी इस बार बड़ी सेंध लगाने का दावा कर रही है। बीजेपी के दावे की वजह है, प्रधानमंत्री की सभाओं में उमड़ती रही भीड़। जिसे बढ़ाने में अमित शाह अपनी ओर से जोर देते रहे। लोकसभा सीटों के लिहाज से दक्षिण भारत के सबसे बड़े राज्य तमिलनाडु में 2019 के आम चुनावों में भी अमित शाह ने पूरा जोर लगाया था। फिर भी पार्टी को 2014 के साढ़े पांच प्रतिशत के मुकाबले महज 3.6 फीसद वोट से ही संतोष करना पड़ा था। राज्य में इस बार चुनाव हो चुका है। जिस तरह मोदी और शाह की जोड़ी ने इस बार राज्य में जोर लगाया, इसकी वजह से इस बार पार्टी की उम्मीदें बढ़ी हुई हैं। इसकी वजह है पार्टी की अरसा पहले से जारी तैयारी और तमिलनाडु में तेज—तर्रार और युवा अन्नामलाई के हाथ में पार्टी की कमान। अन्ना मलाई की सभाओं में उमड़ती रही भीड़ पार्टी की उम्मीदों को परवान चढ़ाने में मददगार बनती रही। अन्ना मलाई ने सात महीने तक 'एन मन, एन मक्कल' नाम से राज्यव्यापी यात्रा की, जिसमें खूब भीड़ जुटी। इस यात्रा की बीजेपी हलके में महत्ता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसका समापन खुद प्रधानमंत्री मोदी ने किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी अन्ना मलाई का नाम अपनी सभाओं में खूब लेते हैं। अन्ना मलाई को उस कोयंबटूर सीट से मैदान में उतारा गया है, जिस पर 1998 और 1999 में पार्टी का कब्जा रहा। उस वक्त इस सीट की नुमाइंदगी करने वाले सीपी राधाकृष्णन इन दिनों झारखंड के राज्यपाल हैं। उनके जिम्मे तेलंगाना के राज्यपाल और पुदुचेरी के उपराज्यपाल का चार्ज भी है। जब सीपी राधाकृष्णन कोयंबटूर से सांसद चुने गए थे, तब वे 41 साल के युवा थे। यह संयोग है कि कुछ और कि अन्ना मलाई इन दिनों चालीस की उम्र पूरी करने वाले हैं। यानी अगर कोयंबटूर से वे जीतते हैं तो वे भी सीपी राधाकृष्णन की तरह युवा ही होंगे।

भारतीय जनता पार्टी की शिखर यात्रा की ओर जब हम देखते हैं तो पता चलता है कि उसने जिस राज्य में भी पैर जमाया, वहां वह पहले छोटे भाई की भूमिका में रही। बाद में वह अपना प्रभाव बढ़ाते हुए बड़े भाई की भूमिका में आ जाती है और मौका मिलते ही शिखर पर पहुंच जाती है। दो चुनाव पहले तक बीजेपी हरियाणा और पश्चिम बंगाल में इंडियन नेशनल लोकदल और तृणमूल कांग्रेस के छोटे भाई की भूमिका में रही। बाद में उसने प्रभाव बढ़ाया। अब हालत यह है कि हरियाणा में इंडियन नेशनल लोकदल अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रही है तो तृणमूल कांग्रेस उसकी चुनौती से पार पाने का उपाय खोज रही है। कुछ ऐसी ही स्थिति महाराष्ट्र में रही। पहले वह शिवसेना की बी टीम की तरह काम करती रही और पिछले कुछ चुनावों से वह पहले नंबर पर आ गई है। पंजाब में इसी तरह वह 1997 से लगातार शिरोमणि अकाली दल की बी टीम रही और इस बार उसने खुद को अकेले मैदार में उतार दिया है। कुछ इसी अंदाज में पार्टी तमिलनाडु में भी 1998 में डीएमके के साथ रही तो 1999 में एडीआईएमके की जूनियर पार्टनर बनी। 2014 तक वह अन्ना द्रमुक के साथ रही, लेकिन अब वह तकरीबन अकेले दम पर आगे आ रही है। हाल के दिनों में पार्टी तार्किक रणनीति के साथ मैदान में उतरती रही है। उसके वायदों और शासन के तरीके पर सवाल जरूर उठ सकते हैं, लेकिन रणनीतिक कदम के लिए उसकी प्रशंसा करनी होगी। प्रश्न प्रदेश बने तमिलनाडु को हल करने के लिए पार्टी ने अरसा पहले काम शुरू कर दिया था। केंद्रीय सत्ता संभालने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने एक कार्यक्रम शुरू कराया, एक भारत, श्रेष्ठ भारत। इसके जरिए राज्यों को उनके पारंपरिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक रिश्तों के साथ जोड़ना शुरू किया। इसके तहत तमिलनाडु का काशी से संगम शुरू हुआ। काशी भगवान भोलेनाथ की नगरी है और तमिलनाडु में शैव परंपरा को मानने वालों की अच्छी—खासी संख्या है। महाशिवरात्रि के वक्त काशी में तमिलनाडु, आंध्र और कर्नाटक के यात्रियों की बाढ़ रहती है। काशी और तमिलनाडु के करीबी रिश्तों के जरिए प्रधानमंत्री मोदी ने तमिल दिलों में उतरने की कोशिश साल 2022 में तेज की। काशी—तमिल संगमन इसकी अगली कड़ी के रूप में सामने आया। इसके बाद प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु में विकास योजनाओं की तेजी लाने की कोशिश की। अटल बिहारी वाजपेयी सरकार द्वारा शुरू की गई स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना को पूरा करने का आश्वासन के साथ ही मछुआरों के कल्याण पर काम तेज हुए। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु में रोड शो किए।

तमिलनाडु ऐसा राज्य है, जहां की 87 फीसद आबादी हिंदू है। इसके बावजूद राज्य के मुख्यमंत्री स्टालिन के बेटे और राज्य सरकार में मंत्री उदयनिधि मारन ने सनातन धर्म पर हमला बोला। भारतीय जनता पार्टी को इस बयान ने मौका दे दिया। जिसके खिलाफ ना सिर्फ प्रधानमंत्री मुखर हुए, बल्कि अमित शाह ने भी हमला बोला। तमिलनाडु के लोग एक बात पर खूब जोर देते हैं कि उनके यहां धार्मिक कार्ड नहीं चलता। इसीलिए बीजेपी का हिंदुत्व का मुद्दा भी नहीं चलेगा। लेकिन प्रधानमंत्री के रोड शो में उमड़ी भीड़ हो या अमित शाह के कार्यक्रमों में जुटती भीड़, इस धारणा को कमजोर कर रही है। भारतीय जनता पार्टी की मौजूदा हिंदुत्ववादी राजनीति को दो दशक पहले तक उत्तर भारत में इतना तवज्जो नहीं मिलता था कि वह केंद्रीय सत्ता की अपने दम पर दावेदारी कर सके। लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। कुछ इसी अंदाज में पार्टी तमिलनाडु में भी जोर लगाती रही । पार्टी तमिल सांस्कृतिक परंपराओं मसलन जलीकट्टू की बहाली का जहां समर्थन कर रही है, वहीं वह तमिल मार्का सनातन की प्रतिष्ठा पर भी जोर दे रही है। पार्टी ने पीएमके और टीएमसी(एस) जैसी कुछ छोटी पार्टियों के साथ जातीय गणित भी साधने की कोशिश की है। इन कोशिशों से उपजी आस ही है कि पार्टी इस बार राज्य की 23 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, जबकि बाकी 16 सीटें अपने सहयोगियों के लिए छोड़ दी है। बीजेपी की कोशिशों के बावजूद हाल ही में आई एक सर्वे रिपोर्ट ने पार्टी को एक भी सीट नहीं दिया। हालांकि सर्वे करने वाली एजेंसी भी मान रही है कि राज्य में बीजेपी का वोट बैंक बढ़ने जा रहा है। वैसे याद किया जाना चाहिए कि मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में सर्वे एजेंसियों ने बीजेपी की जीत की उम्मीद नहीं के बराबर जताई थी। लेकिन जब नतीजे आए तो सर्वे एजेंसियों के नतीजों के उलट थे। भारतीय जनता पार्टी ठीक उसी अंदाज में तमिलनाडु से भी उम्मीद लगाए हुए है। दक्षिण भारत में लोकसभा की 132 सीटें हैं, जिनमें सिर्फ 29 सीटें ही बीजेपी के पास हैं। उनमें से सबसे ज्यादा 25 सीटें कर्नाटक की हैं, जबकि चार तेलंगाना की। पार्टी इस बार भी कर्नाटक में बेहतर करते नजर आ रही है। तेलंगाना में भी वह मुकाबले में है। इसके बाद उसका सारा ध्यान तमिलनाडु पर ही है। इसलिए वह मछुआरों, महिलाओं और युवाओं पर जहां उम्मीद लगाए बैठी है, वहीं पार्टी को एआईडीएमके की कमजोरी से विपक्षी खेमे में उपजे शून्य को भरने की भी आस है। पार्टी को कितनी सफलता मिलती है, यह तो चार जून को पता चलेगा। लेकिन इतना तय है कि तमिलनाडु की राजनीति में बड़े भाई की भूमिका की ओर भारतीय जनता पार्टी ने कदम बढ़ा दिया है।

(लेखक वरिष्ठ राजनीतिक टिप्पणीकार हैं)

# मतदाता की बेरुखी लोकतंत्र के लिए बड़ी चुनौती

**— डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा—**

18 वीं लोकसभा के लिए पहले चरण की 102 सीटों के लिए मतदान के प्रति मतदाताओं की उदासीनता ने निराश ही किया है। आजादी के साढ़े सात दशक बाद भी मतदान प्रतिशत बढ़ने के स्थान पर कम होना निश्चित रुप से किसी भी रुप में लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं माना जा सकता है। चुनाव आयोग के लाख प्रयासों के बावजूद मतदान प्रतिशत कम होना निश्चित रुप से सोचने को मजबूर कर देता है। चुनाव आयोग से पहले चरण के मतदान के प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण किया जाये तो साफ हो जाता है कि 2019 की तुलना में दो प्रतिशत तक मतदान प्रतिशत में गिरावट आई है। हांलाकि त्रिपुरा और सिक्किम में मतदान का आंकड़ा 80 प्रतिशत को छूने में सफल रहा है पर वहां भी 2019 की तुलना में कम है। त्रिपुरा में 2019 के 81.9 प्रतिशत की तुलना में 81.5 प्रतिशत और सिक्किम में 84.8 प्रतिशत की तुलना में 80 प्रतिषत मतदान रहा है। पहले चरण के चुनावों में मतदान का सबसे कम प्रतिशत बिहार का रहा है जहां मतदान का आंकड़ा 50 प्रतिषत को भी छू नहीं पाया है। छत्तीसगढ़ में अवश्य 2019 की तुलना में एक प्रतिशत से कुछ अधिक मतदान रहा है। जहां तक राजस्थान का प्रश्न है 12 सीटों पर हुए मतदान में मतदान प्रतिषत में 6 फीसदी की गिरावट रही हैं। सभी सीटों पर मतदान का प्रतिषत 2019 की तुलना में कम रहे हैं। हांलाकि चुनाव आयोग द्वारा जारी आंकड़ें आरंभिक सूचना के आधार पर है पर इनमें कोई खास बदलाव आने की संभावना नहीं है। मजे की बात यह है कि पहले चरण में लोकसभा की 543 सीटों में से 20 प्रतिशत से कुछ कम 102 सीटों पर मतदान हो चुका हैं। यदि मतदाताओं का अगले चार चरणों के मतदान में भी यही रुख रहता है तो यह चुनाव आयोग, राजनीतिक दलों, लोकतांत्रिक व्यवस्था, गैरसरकारी संगठनों सहित सभी के लिए चिंतनीय हो जाता है।

मतदान में हिस्सा नहीं लेने वाले मतदाताओं को किसी भी हालत में देश का जिम्मेदार नागरिक नहीं कहा जा सकता। आज चुनाव आयोग ने जहां अवेयरनेस प्रोग्राम के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागृत किया हैं वहीं पारदर्शी और सहज मतदान व्यवस्था सुनिश्चित की है। आज मतदाताओं को किसी राजनीतिक दल पर निर्भर नहीं रहना पड़ता। एक मतदान केन्द्र पर एक सीमा तक ही मतदाता होने के साथ ही मतदान केन्द्र पर सभी तरह की व्यवस्था सुनिश्चित की जाती है। अब तो मतदाता को चुनाव आयोग द्वारा मतदाता क्रमांक से लेकर मतदान केन्द्र तक की जानकारी का समावेश करते हुए परची उपलब्ध कराई जाती है। सीनियर सिटिजन और मतदान केन्द्र तक जाने में अक्षम मतदाताओं को घर से मतदान की सुविधा दी गई है। मतदाताओं को जागृत करने के लिए प्रचार के सभी माध्यम यहां तक कि सोशियल मीडिया का उपयोग किया जाने लगा है। मतदान को निष्पक्ष और भयमुक्त कराने के लिए संपूर्ण व्यवस्था चाक चोबंद की जाती है। राजनीतिक दलों और उम्मीद्वारों की प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखी जाती है। यहां तक कि उम्मीद्वार से संबंधित जानकारी साझा की जाती है। संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर विशेष व्यवस्था होती है। कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही मतदान केन्द्र पर सुरक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित की जाती है। इसके अलावा यह नहीं भूलना चाहिए कि साक्षरता और लोगों में जागरुकता आई है। चुनाव आयोग के अलग अलग ऑब्जरवर द्वारा पूरी व्यवस्था पर कड़ी नजर रखी जाती है ताकि राजनीतिक दलों या उम्मीद्वारों द्वारा मतदाताओं को किसी भी गलत तरीके से प्रभावित नहीं किया जा सके। इस सबके बावजूद मतदान कम होना गंभीर हो जाता है।



लोकसभा के पहले चुनाव 1952 में 44.87 प्रतिशत मतदान रहा था जो सर्वाधिक 67.40 प्रतिशत 2019 के 17 वीं लोकसभा के चुनाव में रहा। मतदान में उतार चढ़ाव तो देखा जाता रहा है पर चुनाव व्यवस्था के सरलीकरण, पारदर्शिता, निष्पक्ष चुनाव की चाकचोबंद व्यवस्था, ग्रामीण और शहरी सभी क्षेत्रों में साक्षरता में बढ़ोतरी के बावजूद यदि मतदान प्रतिशत 90 के आंकड़ें को भी नहीं छूता है तो यह घोर निराशाजनक है। हांलाकि आजादी के बाद सर्वाधिक मतदान 1984 के 64.01 के आंकड़ें को 2014 में पीछे छोड़ा गया पर 2019 के पहले चरण के मतदान से निराशा ही हाथ लगी है। आखिर शिक्षित मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करने के प्रति इतना गैरजिम्मेदार कैसे हो रहा है। सब कुछ को अलग कर दिया जाये तो भी इस बात से नहीं नकारा जा सकता कि देश के नागरिक का भी अपने देश के प्रति लोकतंत्र के प्रति दायित्व होता है। आखिर हम सरकार की आलोचना करने में तो पीछे नहीं रहते पर कभी हमने सोचा है क्या कि हम मताधिकार का उपयोग करने के अपने दायित्व को नहीं समझ पाते हैं। अपनी सरकार चुनने के अवसर पर हम हमारे दायित्व को कैसे भूल जाते हैं। इस संदर्भ में सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पीण भी अपने आप में गंभीर हो जाती है। भारत जैसे देश के आम नागरिकों द्वारा इस तरह से लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी हिस्सेदारी नहीं निभाना किसी अपराध से कम नहीं माना जाना चाहिए।

हमें गर्व होता है कि हमारे देश का लोकतंत्र दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। पर हमें उस समय नीचे देखने को भी मजबूर होना पड़ता है जब इतने बड़े लोकतंत्र के पर्व पर आमनागरिक अपने दायित्व को समझने और उसे पूरा करने की भूल कर बैठता है और मताधिकार का उपयोग नहीं कर व्यवस्था को ठेंगा बताने का प्रयास करते हैं। मेरा तो यहां तक मानना है कि नोटा का प्रयोग भी सही विकल्प नहीं है वहीं मतदान का बहिष्कार तो देशद्रोह से कम अपराध नहीं माना जाना चाहिए। चुनाव आयोग, राजनीतिक दलों, सर्वोच्च न्यायालय, सरकार गैरसरकारी संगठनों और समाज के प्रबुद्ध जनों को सोचना होगा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान कर अपनी आहुति देने के काम से मुहं मोड़ने वालों के प्रति कोई सख्त कदम जैसा प्रावधान होना ही चाहिए। कोई ना कोई ऐसा संदेश जाना चाहिए ताकि लोग मतदान के प्रति संवेदनशील हो और मतदान अवश्य करें। यह समूची व्यवस्था को ही सोचने को मजबूर कर देता है। आने वाले चार चरणों में होने वाले मतदान में अधिक से अधिक मतदाता हिस्सा ले इसके लिए सभी स्तर पर समन्वित प्रयास किये जाने की आवश्यकता है।

# लव जिहाद एक गरमागरम मुद्दा

**—पूनम आई. कौशिश—**

भारत में एक बार पुनरू लव जिहाद चुनावी तापमान बढ़ा रहा है। लव जिहाद एक सुविधाजनक राजनीतिक औजार है, जिस पर कल्याण योजनाओं और विकास का आवरण चढ़ा दिया गया है तथा जिसने केन्द्र में दो बार भाजपा को सत्ता में आने में सहायता की है और जाति व धर्म की सीमाओं से भारत में एक बार पुनरू लव जिहाद चुनावी तापमान बढ़ा रहा है। लव जिहाद एक सुविधाजनक राजनीतिक औजार है, जिस पर कल्याण योजनाओं और विकास का आवरण चढ़ा दिया गया है तथा जिसने केन्द्र में दो बार भाजपा को सत्ता में आने में सहायता की है और जाति व धर्म की सीमाओं से परे इश्क, मुहब्बत, शादी तथा बलात् धर्म परिवर्तन ने राजनीतिक गर्मी बढ़ा दी है, जिसके चलते एक राजनीतिक संघर्ष पैदा हो गया है। लव जिहाद के बारे में हालिया शोर का कारण कर्नाटक में एक कॉलेज जाने वाली लड़की की हत्या है। हुगली में इस लड़की की हत्या उसके पूर्व सहपाठी ने की, जिसके चलते में राज्य में एक राजनीतिक तूफान आ गया है। लड़की के परिवार वालों का कहना है कि आरोपी उस पर धर्म परिवर्तन और विवाह करने का दबाव डाल रहा था। स्वाभाविक है कि भाजपा ने इसे एक लव जिहाद का मामला बताया है और सिद्धारमैया सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि वह कानून—व्यवस्था की कीमत पर तुष्टीकरण की राजनीति कर रही है। सत्तारूढ़ कांग्रेस ने यह कहते हुए इस आरोप का खंडन किया है कि यह दोनों के बीच पारस्परिक संबंध है और इस प्रकार पुनरू संपूर्ण देश में एक पुराना चिर—परिचित दुश्मन उभर आया है। इस घटना के परिणामस्वरूप हिन्दू ब्रिगेड की बहू—बेटी बचाओ संघर्ष समिति सक्रिय हो गई और वह लोगों को जागरूक करने और लव जिहाद का मुकाबला करने के लिए एक आक्रामक और सुनियोजित अभियान चला रही है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जो लोग अपनी पहचान छुपाते हैं और हमारी बहन—बेटियों के सम्मान के साथ खिलवाड़ करते हैं, यदि वे अपने तौर—तरीके नहीं बदलते तो उनका राम नाम सत्य होने की यात्रा शुरू हो गई है। कांग्रेस ने भाजपा पर आरोप लगाया है कि वह इस तरह की चाल चल कर हिन्दू बहुलवादी सांप्रदायिक राजनीति कर रही है, ताकि मुसलमानों को चुनावी दृष्टि से हाशिए पर लाया जाए जो विशेषकर लव जिहाद के




भावनात्मक मुद्दे पर सांप्रदायिक हिंसा को संरक्षण दे रही है तथा उसके द्वारा शासित राज्यों में धर्म परिवर्तन विरोधी कानून ला रही है। भाजपा ने कांग्रेस और उसके द्वारा शासित राज्यों पर आरोप लगाया है कि वह मुसलमान लड़ाकों के विरुद्ध कार्रवाई करने में विफल रही है। कांग्रेस एक मुस्लिम पार्टी है, टुकड़े—टुकड़े गैंग का हिस्सा है, आतंकवादियों को संरक्षण देती है, तुष्टीकरण की राजनीति और पाकिस्तान के एजेंडे पर काम करती है। जहां तक अन्य विपक्षी दलों का संबंध है, अल्पसंख्यक विरोधी मुद्दे पर हिन्दुत्व ब्रिगेड की आलोचना करने के बावजूद वे आक्रामक हिन्दुत्व एकीकरण का विरोध करते हैं और नहीं चाहते कि उन पर मुस्लिम समर्थक का बिल्ला लगाया जाए। वे मुस्लिम लोगों को भाजपा विरोधी मानते हैं और उसी के अनुसार अपनी राजनीतिक रणनीति बनाते हैं। फिर गलती किसकी है? हमारे नेता गत वर्षों में समाज में जहर फैलाने के लिए अविवेकपूर्ण भाषा का इस्तेमाल करते रहे हैं। राजनीति ध्रुवीकरण, तुष्टीकरण, कट्टरवाद तक सीमित हो गई है। घृणा फैलाई जा रही है और इससे सांप्रदायिक मतभेद भी बढ़ रहे हैं। चुनावों से पूर्व सभी धर्मों में भावनाएं भड़काने का प्रयास किया जा रहा है। हर पार्टी ऐसा कर रही है और उन्हें आशा है कि इससे उन्हें लाभ मिलेगा। राज्य विधानसभा चुनावों में हार के बाद भाजपा अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा और हिन्दू सांस्कृतिक पुनर्जागरण के बाद एक नई हिन्दुत्व राजनीति कर रही है, ताकि वह उन क्षेत्रों में भी अपनी पैठ बना सके, जहां पर अल्पसंख्यक समुदाय के लोग अधिक संख्या में नहीं हैं और उसने इस बार पुनरू नारा दिया है, सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और इस बार 400 पार, तथापि पार्टी समझती है मुस्लिम सोच अभी भी उसके लिए समस्या का कारण है। पिछले वर्ष विभिन्न दक्षिणपंथी संगठनों ने हिन्दू जन आक्रोश रैलियां निकालीं और लव जिहाद, लैंड जिहाद के विरुद्ध कानून बनाने की मांग की और हिन्दुत्व खतरे में है, का मुद्दा उठाया।

